उत्तर प्रदेश शासन

समाज कल्याण अनुभाग-1

संख्या-9/2015/3269/26-1-2015-1(नियम)/2015

लखनऊ : दिनांक : 16 सितम्बर, 2015

कार्यालय-ज्ञाप

समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित 265 औद्योगिक एवं प्राविधिक संस्थाओं की परीक्षा कार्य के संचालन हेतु सचिव/परीक्षा नियंत्रक(मैकेनिकल शाखा) की अध्यक्षता में शासन के कार्यालय आदेश संख्या-2825/26-1-2015-1(नियम)/2015, दिनांक 04-08-2015 द्वारा 05 सदस्यीय परीक्षा बोर्ड का गठन किया गया है।

2- शासन के उक्त कार्यालय आदेश दिनॉक 04-08-2015 द्वारा गठित परीक्षा बोर्ड के संबंध में दिनॉक 10-09-2015 को सचिव व्यवसायिक शिक्षा की उपस्थिति में हुई बैठक में यह अवगत कराया गया कि वर्ष 2010 से परीक्षा नियंत्रक/प्रधानाचार्य राजकीय गोविन्द बल्लभ पन्त पालीटेक्निक मोहान रोड लखनऊ के स्तर से इन 265 औद्योगिक एवं प्राविधिक संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की परीक्षा करायी जा रही है । वर्तमान शैक्षिक सत्र में परीक्षा आयोजित कराने में विलम्ब हो चुका है और सितम्बर माह से परीक्षा कराने की व्यवस्था प्रधानाचार्य, राजकीय गोविन्द बल्लभ पन्त पालीटेक्निक के स्तर से की जा रही थी, परन्तु परीक्षा बोर्ड से आदेश जारी होने के उपरांत भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गयी है और परीक्षा करवाने में कठिनाई आ गयी है। उक्त बैठक में परीक्षा बोर्ड के संबंध में कतिपय सुझाव भी दिये गये है।

3- अत: परीक्षा बोर्ड के गठन संबंधी निर्गत उक्त शासनादेश दिनॉक 04-08-2015 में संशोधन किये जाने में समय लगने की संभावना तथा परीक्षा करवाने में विलम्ब होने के दृष्टिगत शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त् संशोधित आदेश जारी किये जाने तक पूर्व व्यवस्था के अनुसार प्रधानाचार्य राजकीय गोविन्द बल्लभ पन्त पालीटेक्निक मोहान रोड् लखनऊ के नियंत्रण में पूर्व की भांति परीक्षा का आयोजन कराये जाने तथा शासनादेश दिनॉक 04-08-2015 द्वारा गठित परीक्षा बोर्ड के आदेश के क्रियान्वयन को स्थगित रखे जाने का निर्णय लिया गया है।

सुनील कुमार
प्रमुख सचिव।

पृ0सं0-3269(1)/26-1-2015-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
2- समस्त मण्डलायुक्त,उ0प्र0 ।
3- समस्त जिलाधिकारी।
4- समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी/जिला समाज कल्याण अधिकारी(विकास) ।
5- समस्त उप निदेशक, समाज कल्याण ।
6- प्रधानाचार्य/कर्मशाला अधीक्षक, राजकीय गोविन्द बल्लभ पन्त पालीटेक्निक, मोहान रोड, लखनऊ ।
7- कोषाधिकारी, लखनऊ ।
7- गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(केदारनाथ)
विशेष सचिव।

shasanadesh.up.nic.in